Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding completion of construction Work on National Highways 106 and 107 in Madhepura

श्री दिनेश चन्द्र यादव (मधेपुरा) : सभापति जी, धन्यवाद। मेरे संसदीय क्षेत्र मधेपुरा से एनएच 107 और एनएच 106 गुजरता है। वहां एनएच 106 में निर्माण होना था, जो बिहपुर से उदाकिशुनगंज तक का निर्माण था। उसका नौ साल पहले काम शुरू हुआ। नेशनल हाइवे 107 में पांच साल पहले निर्माण कार्य शुरू हुआ था। एजेंसी के एग्रीमेंट में लिखा हुआ है कि दो साल के अंदर उसको काम करके देना था, लेकिन अब तक वह काम पूरा नहीं हुआ है। मंत्रालय बार-बार उसका समय बढ़ाता जा रहा है। उसकी गति इतनी धीमी है कि शायद एक दशक और उसके निर्माण में लग जाए। इसलिए हम सरकार से मांग करते हैं कि नेशनल हाइवे 106 और नेशनल हाइवे 107 पर जो निर्माण का कार्य चल रहा है, उसको मार्च, 2023 तक हर हालत में पूरा करवा लिया जाए, क्योंकि जनता काफी परेशान है तथा आम लोगों को काफी दिक्कत होती है।